# गहन देखभाल

## मरीज़ों को याद दिलाना कि वे महत्वपूर्ण हैं



## पीड़ित मरीज़ों की देखभाल का नया दृष्टिकोण

आधुनिक हॉस्पिस आंदोलन की संस्थापिका डेम सिसेली सॉण्डर्स ने प्रसिद्ध रूप से कहा, "आप महत्वपूर्ण हैं क्योंकि आप,आप हैं, और आप अपने जीवन के अंतिमक्षण तक महत्वपूर्ण हैं।" गहन देखभाल पीड़ित मरीज़ों की देखभाल का एक नयादृष्टिकोण है।यह विभिन्न भागों को शामिल करती है जो सामूहिक रूप से उन मरीज़ों के साथ रहने का तरीका बताती है जिन्होंने आशा खो दी है, जिन लोगों में अर्थ या उद्देश्य की भावना खो गई है, और जो अंततःमहसूस करते हैं कि वे अब महत्वपूर्ण नहीं हैं।

गहन देखभाल सभी स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों को मानवीय पीड़ा का सामना कर रहे मरीज़ों की देखभाल करने का एक तरीका प्रदान करती है एवं लक्ष्यों को निर्धारित करने का अवसर प्रदान करती है, यह दर्शाते हुए कि मरीज़ महत्वपूर्ण हैं। इसके प्रत्येक तत्व साहित्य में परिभाषित है और उपस्थिति, करुणा और आशा को शामिल करता है।डेम सिसेली द्वारा इस नैदानिक दृष्टिकोण को सूचित करने वाली बुद्धिमत्ता साझा किए 50 वर्ष हो गए हैं। दशकों बाद, जब इलाज की पहुँच उसकी क्षमता से बाहर हो जाती है, गहन देखभाल की भूमिका पर विचार करने का समय अब आ चूका है।

## गहन देखभाल करने के पाँच तत्व

### परित्याग

- प्रतिबद्ध, गुणवत्तापूर्ण संबंध
- निरंतर सहयोग

### व्यक्तित्व की स्वीकृति

- सहानुभूति,सम्मान, आपसी जुड़ाव बढ़ाना
- वे जो हैं, थे, या बनने की कोशिश की और जो उन्होंने हासिल किया या हासिल करने की कोशिश की, उसकी अहमियत की अभिपुष्टि करना।

### यह जानना कि क्या संभव है

- मनोवैज्ञानिक, आध्यात्मिक और शारीरिक आराम की आशा खोजना
- न्यूनतम पीड़ा और शांतिपूर्ण मृत्यु की आशा
- अर्थ और उद्देश्य खोजना
  - * संबंधों में
  - * वह शब्द/भावनाएँ साझा करना जिन्हें साझा किए जाने की आवश्यकता है,जैसे सुलह, क्षमा, प्रेम, भावनाओं की अभिपुष्टि करना
  - * दर्शाना कि मृत्यु कैसे हो
- परिवारों को व्यावहारिक अवसरों की ओर मार्गदर्शन करना
  - * समय
  - * जुड़ाव
  - * आराम
  - * क्षमा
  - * विदाई

### गरिमा पुष्ट करने वाली उपस्थिति

- करुणामय और सहानुभूतिशील होना
- सम्मानपूर्वक और निर्विचारात्मक होना
- प्रामाणिक और वास्तविक होना
- भरोसेमंद होना
- पूरी तरह से उपस्थित होना
- मरीज़ के आंतरिक मूल्य को महत्व देना
- सीमाओं के प्रति सचेत और भावनात्मक रूप से सहनशील होना

### चिकित्सीय विनम्रता

- नैदानिक अनिश्चितता को सहन करना
- मरीज़ की विशेषज्ञता को स्वीकार करना और सम्मान देना
- प्रक्रिया पर विश्वास करना
- ठीक करने की आवश्यकता से बचना

Dignity IN CARE

dignityincare.ca

Chochinov HM. Journal of Clinical Oncology. 2023.
ascopubs.org/doi/full/10.1200/JCO.23.00042